कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 31.07.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

# गर्ल्स कॉलेज में मुंशी प्रेमचंद जयंती मनाया गया

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनायी गईं। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 अनिल कुमार जैन ने कहा कि प्रेमचंद देश और समाज के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदहाली को सामने रखते हुए साहित्य रच रहे थे। प्रेमचंद जी कहते हैं कि क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात नहीं कहोगे ? और आजीवन निर्भिकला से प्रेमचंद अपने सम्पूर्ण साहित्य में ईमान की बात करते आए हैं। प्रेमचंद सच्चे अर्थों में राष्ट्रीयता के, प्रगतिशीलता के और मानवतावाद के लेखक हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेमचंद के साहित्य को पढ़कर जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने के लिए है। वे समाज की जटिलताओं विसंगतियों को उन्होंने अपनी कहानी व उपन्यास में चित्रित किया। वे ग्रामीण जीवन की दुर्बलताओं, किसानों की आर्थिक व्यवस्था, हिन्दू मुस्लिम एकता, विधवाओं की समस्या को उन्होंने अपने उपन्यासों का विषय बनाया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की कु0 नेहा ढीमर, ज्योति बंजारे, भिनेश्वरी, राजलक्ष्मी सोनी आदि छात्राओं ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती सिंह राठौर ने व आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

(डॉ0 अनिल जैन)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.11.2024

# //प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया

शासकीय वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में राजनीति विज्ञान विभाग में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के संविधान के महत्व, उसके मूल्यों, और इसके निर्माण में संविधान सभा की ऐतिहासिक भूमिका को याद करना है।

इस अवसर पर कॉलेज में भाषण और निबंध प्रतियोगिताएं और संविधान के उद्देशिका का पाठन कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. डी. सी. अग्रवाल, राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के सहा. कुलसचिव डॉ. सुमीत अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में संविधान निर्माण में योगदान देने वाले महान नेताओं और विचारकों को ऐतिहासिक सन्दर्भ उनके त्याग और बलिदान को याद किया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय संविधान हमारा पथप्रदर्शक है। इसका सम्मान और पालन करना हमारा कर्तव्य है। सहा. कुलसचिव ने अपने वक्तव्य में संविधान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने बल्कि लोकतंत्र, समानता, न्याय और स्वतंत्रता जैसे संवैधानिक आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं में निर्णायक गण के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण डॉ. मुक्ता बाखला, श्रीमती वंदना बंजारे, डॉ. संध्या सिंह यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ. खेमराज चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन सहा. प्राध्यापक रश्मि नौरंगे ने किया।

भाषण प्रतियोगिता में आर्या अवस्थी प्रथम स्थान, शोयबा अली और प्रेक्षा यादव द्वितीय स्थान, एवं स्वाति वर्मा तृतीय स्थान पर रही।

निबंध लेखन में प्रथम तामेश्वरी, द्वितीय अक्सा अंजुम, जैनम निज़ाम तृतीय स्थान पर रही।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)**
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : **26.11.2024**

//प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया










**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


दुर्ग, दिनांक 10.09.2025

## /सूचना/

हिन्दी विभाग की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.09.2025 को कक्ष क्रमांक 8 में प्रातः 11.00 बजे हिन्दी दिवस का आयोजन किया जाना है। उक्त तिथि को छात्राऐं निर्धारित समय पर उपस्थित रहें।

(डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव)
विभागाध्यक्ष, हिन्दी

DR. YESHESHWARI DHRUW
Asstt. Professor (Hindi)
Govt. Dr. W.W.P.P.G
College Durg (C.G.)

D/H.DOC/DHRUW MDM/LETTER YD

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

प्रतिवेदन

दुर्ग, दिनांक : 15.09.2024

## हिन्दी दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी परिषद् का गठन एवं हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी भाषा को राजभाषा की मान्यता दी। हिन्दी को राजभाषा बनाने नें भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का विशेष योगदान रहा ह। हिन्दी विश्व स्तर की भाषा है, जो विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। भारत में लगभग 80 से 90 करोड़ लोग हिन्दी भाषा का प्रयोग करते हैं। हिन्दी फीजी की आधिकारिक भाषा है तथा सूरीनाम गुयाना मारिशस तृणिदाद में हिन्दी का प्रयोग क्षेत्रीय भाषा के रूप किया जाता है। देश में बिहार पहला राज्य था जिसने सन् 1931 में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया। हिन्दी में ढाई लाख मूल शब्द है। हिन्दी का पहला टाइपराईटर 1930 में प्रारंभ हुआ। दुनिया की सबसे लम्बी कविता 'जल बचाव–कल बचाव' है, इसकी लेखिका ममता नौगरैया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान की जाने वाली बुकर पुरस्कार 2022 में हिन्दी उपन्यास रेत समाधि की लेखिका गीतांजलीश्री को मिली। इस प्रकार उन्होंने हिन्दी के समृद्धि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

श्रीमती ज्योति भरणे ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी भाषा ही नहीं अपितु हमारी संस्कृति की विरासत है। हिन्दी हमारी मातृभाषा है, हिन्दी हमारी भावों एवं संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का साधन है। हिन्दी हमारी अनमोल भाषा है। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की छात्राऐं कु0 ज्योति बंजारे, कु0 मिनेश्वरी, कु0 कविता मालेकर, कु0 कविता ठाकुर, कु0 दिव्या वापड़े, कु0 अर्चना, कु0 नेहा ने अपने विचार रखे। जिन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती राठौर ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष हिन्दी ने किया।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 15.9.2025

विषय – हिन्दी दिवस

| क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर | क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खुशबू साहू | P.G Yoga | K.Sahu | 26 | दीप्ती | M.A-I Sem Eco | Deepti |
| 2. | अंबिका मटियारा | –/– | [signature] | 27 | चंचल | M.A-I Sem Eco | Hanchal |
| 3. | सुष्मिता नायक | –"– | Sushmita | 28 | योशी सिंह | M.A I Sem Eco | Yoshi |
| 4.) | निशा साहू | –BSc II | Nishasahu | 29) | जागेश्वरी | M.A. III Sem Hindi | Jageshwari |
| 5. | ममता महानंद | M.A.I | Mamta | (30) | उर्वशी साहू | B.A.I Sem | Urvashi |
| 6. | भूमिका ठाकुर | B.A II | Bhumika | 31) | रश्मि शर्मा | B.A. I Sem | Rashmi |
| 7. | निशा देशमुख | B.A II | Nisha | 32) | Ruchi Sahu | B.A. I Sem | Ruchi sahu |
| 8.) | लल्ली यादव | B.A I | Lalli | 33) | Nidhi Deshmukh | B.A. I Sem | निधि देशमुख |
| 9) | निशा निर्मलकर | B.A II | Nisha | 34 | सालिना कुरैशी | B.A I Sem | सालिना कुरैशी |
| 10) | गोदावरी | B.A II | गोदावरी | 35 | हेमा कौशल | B.A I Sem | हेमा |
| 11) | हेमलता ठाकुर | B.Com I | Hemlata | 36 | भूमिका | B.A I Sem | Bhumika |
| 12) | शालिनी निषाद | B.A III | Shalini Nishad | 37 | भारती यादव | B.A I Sem | Bharti |
| 13. | मीनाक्षी साहू | B.A III | Minakshi | 38 | चन्द्रकला ओझा | B.A I Sem | Chandra |
| 14. | मंजू साहू | B.A.II | Manju sahu | 39 | वीणा साहू | B.A I Sem | Veena |
| 15. | चंचल यादव | B.Com III | Chanchal | 40. | शशि यादव | B.A I Sem | Shashi |
| 16. | वंदना साहू | B.A II | Vandana | 41 | भूमिका साहू | B.A I Sem | Bhumika |
| 17 | तारा देवांगन | B.A III | Tara | 42 | चंचल निषाद | B.A I Sem | Chanchal |
| 18.) | हिना निर्मलकर | B.A III | Heena | 43 | Jyotichandrakar | B.A I Sem | Jyoti |
| 19) | भुनेश्वरी लहरे | B.A III | Blahare | 44 | Geetanjali Sahu | B.A. I Sem | Geetanjalisahu |
| 20) | मधु बघेल | B.A III | [signature] | 45 | NehaRanjan | B.A. I Sem | NehaRanjan |
| 21) | Mousami | B.A-III | Mousami | 46 | Bhavna Nirmalkar | B.A I | Bhavna |
| 22) | आरती यादव | B.A III | Aarti | 47 | Neetika Sidar | B.A 1st sem | N.Sidar |
| 23) | खेमलता देशमुख | " | Khemlata | 48 | Rashi patel | B.A 1st sem | Rashi |
| 24. | ट्विंकल यादव | M.A.III | Twinkle | 49 | TARNI | B.A I sem | TARNI |
| 25 | कोमल देवांगन | M.A.III | Komal | 50 | Chandni | B.A I Sem | Chandni |

[signature]

प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16.08.2024

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

**गर्ल्स कॉलेज में**

**स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया**

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वतंत्रा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया तथा अपने संबोधन में कहानी के माध्यम से नव प्रवेशित छात्राओं को देशभक्ति का महत्व समझाया।

इस अवसर पर आजादी के अमृत महोत्व के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य ने शपथ दिलाई कि हर छात्रा अपने घर में तिरंगा फहरायेगी एवं स्वतंत्रता सेनानी, वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करेंगी एवं भारत के विकास और प्रगति के लिये खुद को समर्पित करेंगी।

कार्यक्रम में बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा कु. प्रेक्षा यादव ने कहा आज हम आजाद भारत के नागरिक है और उनका श्रेय उन वीरों को जाता है जिन्होनें सरफरोशी की तमन्ना के साथ अपने प्राणों की आहूति दे दी। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की कु. आर्या अवस्थी ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविता सुनायी।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई जिसकी अगुवाई डॉ. सुषमा यादव एवं डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, एन.एस.एस. प्रभारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापकों, कर्मचारियों के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कार्यक्रम के आयोजन में विजय चन्द्रकार, विमल यादव एवं ओम ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 20/02/2025

# // सूचना //

महाविद्यालय के हिन्दी विभाग की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21/02/2025 को प्रातः 11:30 बजे (शुक्रवार) **मातृभाषा दिवस** का आयोजन **स्मार्ट रूम** (कक्ष–08) में किया जा रहा है। छात्राएँ निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

डॉ. यशेश्वरी ध्रुव
विभागाध्यक्ष

20/02/25

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 22.02.2025

## // प्रतिवेदन //

## मातृभाषा दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में हिंदी विभाग द्वारा मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस भाषा से व्यक्ति सबसे पहले बोलना सीखता हैं वही उसकी मातृभाषा होती है धरती माँ की गोद की भाषा को मातृभाषा कहते हैं। दरअसल हम अपने भावों का अनुभव पीड़ा, दर्द, खुशी और विचारों का अनुभव अपने मातृभाषा में करते हैं। भाव से भावों को जोड़ने का कार्य करती है मातृभाषा।

श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि मराठी भाषा अत्यंत समृद्ध हैं। उन्होंने मराठी में कहा कि संस्कृत पासून जवण – जवण सर्व भाषांचा उदय झाला। संस्कृतला इतर भाषांची आई म्हणात येइल। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव विभागाध्यक्ष ने कहा की मातृभाषा छत्तीसगढ़ी क्षेत्रीय बोलियाँ में साहित्यिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। अर्धमागधी से उत्पन्न पूर्वी हिंदी की छत्तीसगढ़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण बोली है जो साहित्यिक एवं राष्ट्रभाषा हिंदी को सशक्त बनाती है।

इस अवसर पर प्राध्यापक गण डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मोनिया राकेश, श्रीमती वंदना, डॉ. दीपक कश्यप, श्री अरविंद लोखण्डे आदि ने अपने विचार रखे साथ ही छात्राओं ने भी मातृभाषा पर विचार रखे।

इस अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता में कु. शशिकला ठाकुर–प्रथम, दीपिका ठाकुर–द्वितीय, ज्योति बंजारे–तृतीय, पोस्टर प्रतियोगिता में किरण निषाद–प्रथम, कविता ठाकुर–द्वितीय, ज्योति बंजारे एवं शशि कला तृतीय पर रहीं एवं निबंध प्रतियोगिता में वैदेही सोनी–प्रथम, ज्योति बंजारे–द्वितीय, कविता मालेकर–तृतीय स्थान पर थी तथा परिचर्चा में कु. कविता–प्रथम, सरस्वती–द्वितीय पर रही।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. आरती सिंह राठौर ने किया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शा0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# मातृभाषा दिवस








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

दिनांक 21/2/25

विषय – मातृभाषा दिवस

| क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर | क्र. | नाम | कक्षा | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1) | चंचल यादव | PG in Yoga | Chanchal | 24 | विनीता साहू | BA III | Vinita |
| 2.) | मनस्वी निर्मलकर | PG in Yoga | मनस्वी | 25 | ज्योति बंजारे | M.A-I | Jyoti banjare |
| 3. | लोकेश्वरी यादव | PG in Yoga | Lokeshwari | 26 | सुनीता | M.A-I | Sunita |
| 4. | हेमकुमारी | Yoga | Hemkumari | 27 | करुणा सोनी | M.A I | [illegible] |
| 5) | तुलिका साहू | Yoga | [illegible] | 28. | तिलोत्तमा | M.A.I | [illegible] |
| 6) | नीतु देशमुख | Yoga | Neetu | 29 | Manya tiwari | MA-I | [illegible] |
| 7) | पुष्पा साहू | Yoga | Pushpa | 30. | गोमती | MA-I | गोमती |
| 8) | पूर्वा साहू | Yoga | Poorva | 31 | Anjani Pisde | MA I | Anjc |
| 9) | निशा निर्मलकर | B.A III | [illegible] | 32 | Pallavi Sahu | M.A I | Pallavi |
| (10) | ममता लहरे | BA III | Mamta | 33 | Damini Sahu | M.A.I | दामिनी साहू |
| (11) | धनेश्वरी साहू | B A III | धनेश्वरी साहू | 34 | Tripti Thakur | M.A-I | तृप्ति |
| (12) | चेश्ती साहू | B.A I | Cheshti Sahu | 35. | Prithvi Dhimar | M.A I | Dhi |
| (13) | ट्विंकल साहू | B.A I | Twinkal | 36 | Varsha khutel | M.A III | वर्षा खुटेल |
| (14) | निधि देशमुख | B.A I | निधि देशमुख | 37 | Deepika Thakur | M.A III | Deepika |
| 15) | निशा बघेल | BA I | Nisha | 38 | भावना [illegible] | M.A III | [illegible] |
| 16) | रेवती देवहारी | MA (III) | Revtee | 39 | भिमेश्वरी | M.A III | Bhimeshwari |
| 17) | केशरी साहू | BA III | Keshri | 40 | [illegible] | M.A III | [illegible] |
| 18) | हिमांशी | BA III | [illegible] | 41 | हीना पाल | MA I. | Heena |
| 19) | Vindu sahu | B.A III | Vindu | 42 | डुमेश्वरी | MA I. | Dumeshwari |
| 20. | दीपिका देवांगन | B.A III | Deepika | 43 | सुमन | MA I. | Suman |
| 21) | हिमेश्वरी यादव | B.A III | हिमेश्वरी | 44 | लिकेश्वरी | MA I. | Likeshwari |
| 22 | मोहनी साहू | B.A III | mohani | 45 | भूमिका सोनी | DCS | भूमिका सोनी |
| 23 | रश्मी साहू | B.A III | Rashmi | | संगीता देवांगन | DCS | संगीता |
| 24 | निर्मला यादव | B A I | Nirmala sahu | 46 | किरण साहू | MA III | [illegible] |

[signature]

प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.02.2025

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

## कन्या महाविद्यालय में निराला जयंती

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा बसंत पंचमी एवं निराला जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी अपना जन्मदिन बसंत पंचमी को मनाते थे, उन्हें वसंत का अग्रदूत भी कहा जाता है, वे भक्ति, शक्ति एवं कमजोर वर्ग के सशक्त कवि के रूप में जाने जाते है। निराला हिन्दी साहित्य के युगांतकारी साहित्यकार हैं।

डॉ. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष, भूगोल ने कहा कि निराला अपने व्यक्तिगत जीवन में आजीवन संघर्ष करते रहे। आजीविका के लिए संघर्ष, स्वयं को साहित्य जगत में स्थापित करने के लिए संघर्ष इसलिये इनको महाप्राण कहा जाता है।

हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि निराला ने अपनी कविताओं में सामाजिक विषमताओं का यथार्थ वर्णन किया है 'तोड़ती पत्थर', भिक्षुक, कुकुरमुत्ता आदि इसके सर्वोत्कृष्ट उदाहरण हैं। वर्तमान समय में उनका साहित्य अत्यंत प्रासंगिक है।

हिन्दी की सहायक प्राध्यापक श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि उनके लेखन में नवजागरण, राष्ट्रीयता, समाजसुधार, व्यक्तिगत चेतना का गहरा प्रभाव है। समाज में पर्याप्त सामाजिक अन्याय एवं शोषण के खिलाफ अवाज उठाई है। उनका साहित्य लोगों के लिए प्रेरणादायक है।

निराला जयंती के अवसर पर कविता मालेकर, भिनेश्वरी, वर्षा, नेहा, कविता, जागेश्वरी, कुंजलता, जान्हवी आदि छात्राओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबंधित काव्य पाठ किया। डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. दीपक कश्यप, श्री नितिन देवांगन आदि इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आरती सिंह राठौर ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.01.2025

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया तथा अपने संबोधन में कहा कि हम सभी इस साल 76 गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की थीम है स्वर्णिम भारत विरासत और विकास - “Golden India Heritage and Progress” जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और समृद्धि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की आकांक्षाओं पर केन्द्रित है। उन्होनें कहा कि हम सबको मिल-जुलकर महाविद्यालय को एक नई ऊर्चाइयों तक ले जाना है, एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको भी महाविद्यालय के विकास में योगदान देना है और महाविद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना

इस अवसर पर तिरंगे के रंगों के गुब्बारे उड़ाए गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, एन.एसएस. अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. सुषमा यादव एवं एन.एस.एस. की छात्राएँ तथा पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापकों, कर्मचारियों के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी।





*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.09.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में शिक्षक दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नृत्य विभाग में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नृत्य की प्रथम सेमेस्टर की मुख्य विषय एवं जेनेरिक इलेक्टिव की छात्राओं हेतु स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं को को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में नृत्य विषय गुरू और शिष्य के अनूठे के सामंजस्य को बताता है। विभाग की उर्वशी, निशा, आकृति, दामिनी, हेमा, संध्या ने मनोहारी रास-नृत्य प्रस्तुत किया है। नेहा-प्राची तथा तान्या और मेघा ने सुंदर युगल नृत्य का प्रदर्शन किया। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा दृष्टि ने वेस्टर्न फ्यूजन किया। सौम्या रजक प्रथम सेमेस्टर ने एकल नृत्य की नैनाभिराम प्रस्तुति की।

विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि इस पावन दिवस पर वरिष्ठ छात्रायें, प्रथम वर्ष की छात्राओं का नृत्य-संगीत के साथ स्वागत करती हैं। इस माध्यम से नई छात्राओं की हिचक कम होती है और उनके व्यक्तित्व में परिवर्तन आता है।

इस अवसर पर डॉ. के.एल. राठी (वाणिज्य), तृप्ति खरे (मूर्तिकला), प्रियंका बारला (इतिहास), ईशा देशमुख (कम्प्यूटर) सहित विभाग की छात्रायें उपस्थित थी।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 09.09.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में तीज मिलन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान से हर वर्ष की भांति तीज मिलन का आयोजन किया गया।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश के अनुसार तीज त्यौहार हमारी संस्कृति की विरासत है जिन्हें सहेज कर रखना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। तीज पर्व महिलाओं का पर्व माना जाता है जिसे वो हर्ष और उल्लास के साथ मनाती है। छात्राओं को अपनी संस्कृतिक धरोहर से अवगत कराने के लिए इस तरह के आयोजन किये जाते है जिसमें छात्राएँ एवं प्राध्यापिकाएँ मिलजुलकर उत्साह से मनाती है।

प्रभारी प्रचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल एवं डॉ. अमिता सहगल ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी। डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि पति की लंबी आयु और परिवार की खुशहाली के लिए इस व्रत का महत्व माना जाता है। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने सावन के महीने में आने वाली हरियाली तीज का दिन सुहागिन व कुंवारी कन्याओं सभी के लिए महत्वपूर्ण बताया। डॉ. मोनिया राकेश सिंह एवं श्रीमती ज्योति भरणे ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं द्वारा सुआ नृत्य, गीत, अंतराकशरि एवं मनोरंजन कार्यक्रम रखे गये। इस रंगारंग कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वंदना बंजारे द्वारा किया गया जिसमें सभी की उत्साहित सहभागीता रही।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)


Woman
Cell
Govt. Dr. W.W.P. Girls P.G. College
DURG (C.G.)



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2212207 फैक्स 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 05.01.2025

## /सूचना/

हिन्दी विभाग की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.01.2025 को विश्व हिन्दी का आयोजन कक्ष क्रमांक 8 में प्रातः 11.00 बजे किया जाना है। छात्राऐं उक्त दिवस को उपस्थित रहें।

(डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव)
विभागाध्यक्ष, हिन्दी
DR. YASHESHWARI DHRUW
Asstt. Professor (Hindi)
Govt. Dr. W.W.P.P.G.
College Durg (C.G.)

I/c
प्रभारी प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Dr. W. W. Patankar
Girls P.G. College, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.01.2025

## /प्रतिवेदन/
## विश्व हिन्दी दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में 'विश्व हिन्दी दिवस' का आयोजन किय गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हिन्दी न केवल हमारी मातृभाषा है बल्कि यह हमारी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। इस दिन को भारत के साथ– साथ विदेशों में भी बड़े उत्साह एवं गर्व के साथ मनाया जाता है। अतिथि वक्ता डॉ0 मुक्ता बाखला, सहा0 प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हिन्दी बोलने में हमें गर्व होना चाहिए, क्योंकि यह हमारी संस्कृति की वाहक और समृद्धशाली भाषा है। विदेशों में हिन्दी सीरियल, फिल्में गाने बहुत लोकप्रिय है, हिन्दी की क्षेत्रीय भाषाऐं भी बहुत समृद्धशाली है। इनमें भी साहित्यिक रचनाऐं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होनें सरगुजिया में सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। वर्ष 2005 में विश्व हिन्दी दिवस की थीम 'हिन्दी एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज' है। इस थीम का उद्‌देश्य है भाषायी और अंतर्राष्ट्रीय लेन–देन के लिए हिन्दी भाषा के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्‌देश्य हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देना और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। उन्होंने 'चन्द्र आहे साक्षीला' मराठी गीत प्रस्तुत किया। कु0 नेहा ढीमर, कविता मालेकर, सपना, प्रेक्षा यादव, आर्या अवस्थी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती सिंह राठौर व आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ0 मोनिया राकेश सिंह, श्री जागृत ठाकुर, कु0 मधु पाण्डेय, डिम्पल साहू, मेघा साहू आदि उपस्थित रहे।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.01.2025

/प्रतिवेदन/

## विश्व हिन्दी दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में 'विश्व हिन्दी दिवस' का आयोजन किय गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हिन्दी न केवल हमारी मातृभाषा है बल्कि यह हमारी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। इस दिन को भारत के साथ– साथ विदेशों में भी बड़े उत्साह एवं गर्व के साथ मनाया जाता है। अतिथि वक्ता डॉ0 मुक्ता बाखला, सहा0 प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हिन्दी बोलने में हमें गर्व होना चाहिए, क्योंकि यह हमारी संस्कृति की वाहक और समृद्धशाली भाषा है। विदेशों में हिन्दी सीरियल, फिल्में गाने बहुत लोकप्रिय है, हिन्दी की क्षेत्रीय भाषाऐं भी बहुत समृद्धशाली है। इनमें भी साहित्यिक रचनाऐं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होनें सरगुजिया में सुमधुर गीत प्रस्तुत किया। वर्ष 2005 में विश्व हिन्दी दिवस की थीम 'हिन्दी एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज' है। इस थीम का उद्‌देश्य है भाषायी और अंतर्राष्ट्रीय लेन–देन के लिए हिन्दी भाषा के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। श्रीमती ज्योति भरणे ने कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्‌देश्य हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देना और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। उन्होंने 'चन्द्र आहे साक्षीला' मराठी गीत प्रस्तुत किया। कु0 नेहा ढीमर, कविता मालेकर, सपना, प्रेक्षा यादव, आर्या अवस्थी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती सिंह राठौर व आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ0 मोनिया राकेश सिंह, श्री जागृत ठाकुर, कु0 मधु पाण्डेय, डिम्पल साहू, मेघा साहू आदि उपस्थित रहे।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम– शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 10-01-2025

विषय – विश्व हिन्दी दिवस

| क्र. | नाम | कक्षा | फोन नं. हस्ताक्षर | क्र. | नाम | कक्षा | फोन नं. हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Vinita Sahu | BSc II | [signature] | 26 | Soumya Sahu | PG diploma yoga | Saumya |
| 2 | Shraddha Sahu | BSc III | [signature] | 27 | Bhumika | B.A. III | Bhumika |
| 3 | Arya Awasthi | B.Com IInd | Awasthi | 28 | NEHA SAHU | B.Sc (I) Ycs | Neha Sahu |
| 4 | Sapna Sharma | BA-II | [signature] | 29 | Jyarani Thakur | —"— | Thakur |
| 5 | Chanchal Yadav | B.COM III | Chanchal | 30 | Yamuna Sahu | —"— | Ysahu |
| 6 | Rehan sahu | B.A III | Rehan | 31 | Mansi | —"— | Mansi |
| 7 | Huneshwari Sahu | B.SC III | [signature] | 32 | Hina Parveen | B.Sc III | [signature] |
| 8 | Kavita Malekar | M.A I | Kavita | 33 | Sandhya Tandi | —"— | Sandhya |
| 9 | NEHA DHIMAR | MA I sem | नेहा | 34 | Rajkumari Ahirwar | MA-III | [signature] |
| 10 | Preksha Yadav | B.A II | Preksha | 35 | Kavita Malekar | M.A-I | [signature] |
| 11 | Purvi Sahu | B.A II | Purvi | 36 | Neha Ranjan | B.A.1 | Neha Ranjan |
| 12 | Khushnuma | B.com | [signature] | 37 | Bhavna Nirmalkar | B.A I | Bhavna |
| 13 | Sahiba | B.com 2nd | [signature] | 38 | Neetika sidar | B.A I sem | Nsidar |
| 14 | Himanshi | B.A II | [signature] | 39 | Rashi patel | B.A I sem | Rashi |
| 15 | Vidhi Banjare | BSc (II) cs | Vidhi | 40 | TARNI | B.A.I sem | Tarni |
| 16 | Teesha Sahu | BA. III | Sahu | 41 | Chandni | B.A I Sem | Chandni |
| 17 | Yashasvi | B.A III | [signature] | 42 | Chandni Thakur | BA I sem | Chandni |
| 18 | Twinkle Sinha | BA III | [signature] | 43 | Devika | BA I sem | Devika |
| 19 | Sakshi Jangde | BSc II | [signature] | 44 | Sevti Sahu | BA-I st sem | Sevti |
| 20 | Ashiya Bano | B.com I | [signature] | 45 | Lileshwari Dhankar | BA I sem | [signature] |
| 21 | Reena | B.com I | Reena | 46 | Muskan Kosre | BA I sem | Muskan |
| 22 | Nisha sahu | B.SC II | Nishasahu | 47 | Divya Baghel | BA I sem | Divya |
| 23 | Madhuri Vaishnaw | BA II | Madhuri | 48 | Yogeshwari Sahu | BA I sem | Yogeshwari sahu |
| 24 | Sneha Chandrakar | BA III | Sneha | 49 | Gunmanjari Nelam | BA I sem | Gunmanjari |
| 25 | Hempuspa Dubey | BA II | Hempushpa | 50 | Tebe Sahu | DALSch | Tebe Sahu |

[signature]

प्राचार्य

# विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन












कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.03.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में महिला प्रकोष्ठ एन0 एस0 एस0 के तत्वाधान से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को आह्वाहन किया कि वह शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक रूप सशक्त बने। उन्होंने आगे कहा कि परिवार में जब बेटी जन्म लेती है तो परिवार संवर जाता है। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से छात्राऐं वॉलिंटियर के रूप में प्रशिक्षित होकर समाज में अन्य महिलाओं को सशक्त करने का कार्य करती हैं।

ख्याति प्राप्त स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 संगीता सिन्हा ने स्वाथ्यगत समस्याओं एवं उससे बचाव की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता एवं समूह चर्चा का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से छात्राओं ने अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं समृद्ध होने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। पोस्टर प्रतियोगिता में चुनिका चन्द्राकर, ऋतु देवांगन, शिलमन ठाकुन, संध्या चक्रधारी, भिनेश्वरी सोनवानी एवं राजकुमारी अहिरवार को पुरस्कार प्राप्त हुआ एवं स्लोगन प्रतियोगिता में किरण निषाद, वर्षा खुटेल, कुसुम देशमुख, दुर्गा साहू, कुंजबाला पटेल, रिया बारले, जैनब निजामी एवं भूमि चन्द्राकर को पुरस्कार प्राप्त हुए।

समूह चर्चा में रिया बारले, अनुप्रिया, सुष्मिता पाढ़ी, रूद्राणी विश्वास, जया यादव, लुबना अमनखान, शिलमन ठाकुर एवं कविता मालेकर ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, डॉ0 यास्मिन परवेज, डॉ0 चांदनी अफसाना, डॉ0 संध्या यादव, कु0 तबसुम अली ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मोनिया राकेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
**प्राचार्य**
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 21.06.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

## गर्ल्स कॉलेज में
## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। योग दिवस की थीम ''महिला सशक्तिकरण के लिए योग'' है। योग दिवस के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग का उद्देश्य हमारे जीवन का समग्र विकास करना है। कन्या महाविद्यालय होने के कारण इस वर्ष की यह थीम अत्यंत प्रासंगिक है। महिलाऐं शारीरिक रूप से कमजोर होती हैं, उन्हें सशक्त बनाने का यह योग दिवस सार्थक प्रयास है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की डॉ0 सुषमा यादव ने कहा कि योग प्रकृति का वरदान है। जिसने अपना लिया वह महान है। अगर रोगमुक्त जीवन जीने की चाहत है, तो नियमित योग करने की आदत डालें। इस अवसर पर निबंध, पोस्टर, योगासन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु0 रिया बारले, द्वितीय कु0 प्रेरणा तथा कु0 लक्ष्मी साहू तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु0 भावना बंजारे, द्वितीय कु0 तोमेश्वरी साहू एवं कु0 ममता महानंद तृतीय स्थान पर रहीं। योगासन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु0 निरूपा, द्वितीय कु0 राजकुमारी एवं कु0 नम्रता बंजारे तृतीय स्थान पर रहीं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राऐं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया। कार्यक्रम के सफल में श्री विमल यादव एवं विजय चन्द्राकर का विशेष सहयोग रहा।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
दुर्ग (छ0ग0)

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन
## (दिनांक 21 जून 2024)





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.01.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

# युवा दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल द्वारा विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित की गई। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विवेकानंद जी को छोटी सी उम्र में ही आध्यात्म के प्रति विशेष लगाव था। पुस्तकों में उन्हें विशेष रूचि थी। उनकी स्मरण शक्ति तीव्र थी। उन्होंने छात्राओं को उनका अनुशरण करने के लिए प्रेरित किया। नेहरू युवा केन्द्र की अतिथि वक्ता आरती मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षा ज्ञान का खजाना है। वे आत्मविश्वास, ज्ञान की खोज, आत्मसुधार, दूसरों की सेवा और भाईचारे के महत्व पर जोर देते थे। उनका आदर्श वाक्य 'उठो जागो और तब तक मत रूको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' आज भी उनका यह वक्तव्य दुनिया के लाखों युवाओं को प्रेरित करता है।

डॉ0 सुषमा यादव ने कहा कि विवेकानंद जी विचारों, मूल्यों और आदर्शों को देश के हर युवा तक पहुंचाना यही राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य है। इस अवसर पर चंचल यादव, ममता महानंद, यशश्वी और सुष्मिता ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती सिंह राठौर व आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ0 मोनिया राकेश सिंह उपस्थित थे।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# युवा दिवस


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
Jan 11, 2025, 12:08